राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

22 जुलाई 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 14

छप छप छपा छप

आज की कविता

वैसे तो अब बारिश के दिन हैं पर भीगने की मनाही है। लेकिन बाकी दिनों में छपा छपा करके नहाना कितना मजेदार है। ऊपर पानी नीचे पानी । सिर पर पानी पाँव में पानी। बस छप छप करके नहाते जाओ । कभी हाथ मलो कभी पाँव मलो, कभी सिर रगड़ो। खूब नहाओ नहाते ही जाओ। गाते जाओ, नहाते जाओ। मजेदार कविता देखने सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Infobells

टकेट नाम की बाल्टी

आज की कहानी

कभी टकेट बाल्टी के दिन बड़े सुनहले थे। लेकिन समय के साथ उसके ये दिन जाते रहे और वह बेकाम हो गई। संगी साथी छूट गए और वह अकेले पड़ी रह गई । लेकिन एक दिन एक लड़की की नजर उस पर पड़ी और उसके दिन फिर गए । ऐसा क्या हुआ जो टिकेट के पुराने सुनहले दिन लौट आए? संगी साथी वापस मिल गए । पूरी कहानी सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। BookBox

सवाल्लो के सवाल

आज की किताब

सवाल्लो बहुत सारे सवाल पूछती है। हर चीज़ पर सवाल करती है । हर किसी से सवाल करती है । वह जो चाहती है वो क्यों नहीं पहन सकती? लड़कों को लड़कियों से बेहतर क्यों माना जाता है? बेटा होने पर ख़ुशी और बेटी होने पर अफ़सोस क्यों मनाते है? क्या वह अपने सभी सवालों के जवाब ढूंढ पाएगी? चलो पता करते हैं ! चित्र पर क्लिक कर कहानी पढ़ें ।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

पेपर का घर

आज की गतिविधि

मिट्टी का घर, लकड़ी का घर, टीन टप्पर का घर, कच्चा घर, पक्का घर, भांति भांति के घर हमने देखें हैं । पर क्या कभी कागज के घर की कल्पना की है ? कागज का ऐसा घर जिसमें खिड़की दरवाजे, दीवारें और छप्पर सबकुछ हो । तो आइए ऐसा एक घर बनाना सीखते हैं। कागज कैंची और रंगीन पेन से। पूरी विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys

अंग्रेजी सभी के लिए

टीचर्स कॉर्नर

पहली पीढ़ी के बच्चों को अंग्रेजी भाषा सिखाने का जो तरीका आमतौर पर स्कूलों में अपनाया जाता उसके चलते एक तरह की जटिलता बन जाती है और बच्चों में उसका डर बैठ जाता है । हालांकि अंग्रेजी भाषा का कौशल एक तरह का आत्म विश्वास भी देता है । चंद्रा विश्वनाथन बताती हैं कि इसके लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण में उन्होंने क्या किया? पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।



शिक्षकों के लिए। Learning Curve

पढना ज़रा सोचना

हमारा पुस्तकालय

शिक्षा के बड़े दायरे में 'पढने और सोचने-समझने से जुड़े कुछ बहुत ही बुनियादी सवाल है । ये सवाल हमें झकझोरते है, और कृष्ण कुमार इन सवालों के जरिये स्कूल में पढने-पढ़ाने के तरीकों, पढाई व पढना को लेकर आम समाज की धारणा, और इस के नफा-नुक्सान के बारे में सिलसिलेवार तरीके से बात करते है । चित्र पर क्लिक कर आप भी पढ़ें ।



शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 169वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।